**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

पत्रांकः– मु0अ0–(अ0उ0) 4515–01–281/2024 3302 /पटना,दिनांक– 06/09/25

प्रेषक,

ई0 निर्मल कुमार,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव।

सेवा में,

**सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल/ सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग।**

विषयः– ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना अन्तर्गत एकरारित कार्यों के प्रगति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक पूर्व में विभिन्न बैठकों में यह निदेशित किया गया कि ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना अन्तर्गत एकरारित कार्यों में किये जा रहे कार्य से संबंधित फोटोग्राफ्स **विभागीय MIS पर App के माध्यम** से प्रतिदिन Upload किया जाय ताकि मुख्यालय स्तर पर इसकी समीक्षा कर उच्चाधिकारी को किये जा रहे प्रगति से अवगत कराया जा सके। आज मुख्यालय स्तर पर किये गये समीक्षात्मक बैठक में पाया गया कि विभागीय MIS पर आपके द्वारा कराये जा रहे कार्य से संबंधित फोटोग्राफ्स के Upload किये जाने की प्रगति नगण्य है, जो अत्यंत खेदजनक एवं विभागीय निदेशों का उल्लंघन है।

अतः इस संबंध में निदेशित किया जाता है कि दिनांक–10.09.2025 (समय–04:00 बजे अपराहन्) को इस हेतु की गयी प्रगति संबंधित प्रतिवेदन के साथ आहूत की जा रही समीक्षात्मक बैठक (VC के माध्यम से) में अपने अधीनस्थ सभी क्षेत्रीय अभियंताओं (AE, JE, TS) के साथ भाग लेना सुनिश्चित करेंगे, ज्ञातव्य हो कि समानुपातिक प्रगति नहीं पाये जाने पर क्षेत्रीय अभियंताओं को चिन्हित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ कर दी जायेगी।

विश्वासभाजन

6/9/25

(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः— मु0अ0—(अ0उ0) 4515—01—281/2024 3302 /पटना,दिनांक— 06/9/25

प्रतिलिपिः अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख—सह—
अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांकः— मु0अ0—(अ0उ0) 4515—01—281/2024 3302 /पटना,दिनांक— 06/9/25

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव को अपर मुख्य सचिव के अवलोकनार्थ प्रेषित।

6/9/25
अभियंता प्रमुख—सह—
अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांकः— मु0अ0—(अ0उ0) 4515—01—281/2024 3302 /पटना,दिनांक— 06/9/25

प्रतिलिपिः माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान आप्त सचिव को माननीय मंत्री महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।

6/9/25
अभियंता प्रमुख—सह—
अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव